जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
मधुबनी
पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)
नोटिस

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्रांक 32/ BSLSA / PLV/ 719 दिनांक 08–04–2026 के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार मधुबनी, अनुमण्डल विधिक सेवा समिति झंझारपुर एवं अनुमण्डल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी के पारा विधिक स्वयं सेवक को दिनांक 30–09–2026 तक के लिए extend किया गया है। अतः पारा विधिक स्वयं सेवक का fresh empanelment किया जाना आवश्यक है। अतः उक्त आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार मधुबनी के अन्तर्गत पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन–पत्र आमंत्रित की जाती है।

कौन आवेदन दे सकता है –

ऐसे व्यक्ति (महिला /पुरूष) जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिए कार्य करना चाहते हैं, इनमें–

शिक्षक (सेवा निवृत शिक्षक सहित)
सेवा निवृत सरकारी सेवक
वरिष्ठ नागरिक
आंगनबाडी कार्यकर्ता
डॉक्टर
छात्र
गैर सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सेवा समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो स्वयं सेवा में रूचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार ठीक समझें।
सेवा निवृत सैनिक
पूर्व में चयनित पारा विधिक स्वयं सेवक (अधिवक्ता को छोडकर) भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य–

पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिए पीडितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार सौंपे।

पदों की संख्या–

100 पारा विधिक स्वयं सेवक जिला विधिक सेवा प्राधिकार मधुबनी हेतु, 50 पारा विधिक स्वयं सेवक अनुमण्डल विधिक सेवा समिति झंझारपुर हेतु एवं 50 पारा विधिक स्वयं सेवक अनुमण्डल विधिक सेवा समिति बेनीपट्टी हेतु । चूँकि पारा विधिक स्वयं सेवकों से मधुबनी जिला के गॉवों / पंचायतों /प्रखण्डों एवं जिला स्तर पर कार्य लेना है । अतः जिले के सभी क्षेत्रों से पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन क्षेत्रीय आधार पर किया जायेगा।

आरक्षण–

क्योंकि पारा विधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नहीं है । अतः पदों का आरक्षण नहीं है । परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गो को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा ।

शैक्षणिक योग्यता – मैट्रिक

आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र लगाकर, स्वपता लिखा लिफाफा जिस पर पंजीकृत डाकटिकट सटा हुआ हो, के साथ पंजीकृत डाक से इस तरह भेजें कि आवेदन **दिनांक 17–07–2026** तक निम्न पता पर अवश्य प्राप्त हो जाय। आवेदन विहित प्रपत्र में पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं का स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र लगाकर, स्वपता लिखा लिफाफा जिस पर पंजीकृत डाकटिकट सटा हुआ हो, के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी के कार्यालय में कार्यालय अवधि में निर्धारित तिथि तक हाथों–हाथ भी जमा किया जा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पता–

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
मधुबनी (बिहार)

मानदेय–

रू0 750/–(प्रतिदिन कार्य सम्पादित दिवस मात्र) । परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौपतीं है या स्वयं सेवक गाँव से किसी व्यक्ति को विधिक सेवा हेतु विधिक सेवा प्राधिकार या ए0डी0आर0 केन्द्र में ले आता है या अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविरों के आयोजन में सकिय भागीदारी निभाता है ।

सामान्य अनुदेश –

(1) आवेदक भारत का नागरिक हो
(2) स्वस्थ हो
(3) अच्छा चरित्र हो
(4) समाज सेवा में अनुभव रखता हो
(5) दिनांक 01–06–2026 को आवेदक का उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए।

नोट–
1. पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है और इसके लिए वे भविष्य में किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकते हैं। पारा विधिक स्वयं सेवक को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है।
2. पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन एक वर्ष के लिए होगी ।
3. मधुबनी जिला के सभी प्रखण्डों के निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. कम्प्यूटर जानने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी ।
5. सामाजिक कार्य में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन प्रपत्र व्यवहार न्यायालय, मधुबनी के website http://districts.ecourts.gov.in/madhubani से प्राप्त किया जा सकता है। तथा साक्षात्कार के तिथि की सूचना भी उपरोक्त website पर ही दी जायेगी। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वह उपरोक्त website को देखते रहें ।

चयन प्रकिया– पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

1/7/26

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी
01 –07–2026

ज्ञापांक 712 / दिनांक 01 –07–2026

प्रतिलिपिः उक्त नोटिस को नोटिस बोर्ड के माध्यम से प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित –

1. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मधुबनी
2. जिला पदाधिकारी, मधुबनी
3. पुलिस अधीक्षक, मधुबनी
4. जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, मधुबनी को प्रींट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित करने हेतु
5. जिला सूचना पदाधिकारी, एन0आई0सी0 मधुबनी। अनुरोध है कि इसे website पर प्रकाशित करें।
6. सचिव, जिला अधिवक्ता संघ, व्यवहार न्यायालय, मधुबनी
7. जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मधुबनी को सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी ग्राम पंचायत के प्रधान को अपने स्तर से भेजने हेतु
8. सिस्टम ऑफिसर, मधुबनी को व्यवहार न्यायालय, मधुबनी के website पर प्रकाशित करने हेतु।

1/7/26

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी
01 –07–2026

आवेदन प्रपत्र

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

1. आवेदक का नाम–

2. पिता /पति का नाम–

पासपोर्ट साईज का छायाप्रति स्वअभिप्रमाणित

3. स्थायी पता–

   मोबाईल नम्बर . . . .

   ईमेल . . . . . .

4. वर्तमान पता–

   मोबाईल नम्बर . . . .

   ईमेल . . . . . .

5. शैक्षणिक योग्यता–
   (i)
   (ii)
   (iii)
   (iv)
6. अन्य योग्यता / अनुभव –
   (i)
   (ii)
   (iii)

7. जन्म तिथि–

8. आवेदक की श्रेणी– (सामान्य/अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछडा वर्ग /अति पिछडा) सही निशान लगावें।
9. कम्प्यूटर की जानकारी – हॉ / नहीं (सही निशान लगावें)

पंचायत का नाम–

प्रखण्ड का नाम–

घोषणा– मैं घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी पूर्णतः सही है। यदि यह गलत पाया जाता है तो पारा विधिक स्वयं सेवक के पद से मेरा चयन रद्द कर दिया जायेगा एवं मेरे उपर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

तिथि:

स्थान:

आवेदक का हस्ताक्षर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु
साक्षात्कार पत्र
(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

कमांक .....
(कार्यालय उपयोग के लिए)

पासपोर्ट साईज का छायाप्रति स्वअभिप्रमाणित

(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम–
2. पिता / पति का नाम–
3. जन्म तिथि–
4. स्थायी पता–
5. पत्राचार पता–

पंचायत..... .... प्रखण्ड ....

जिला–..... .....राज्य– ..... पिनकोड– .....

तिथि:

स्थान:

आवेदक का हस्ताक्षर

केवल कार्यालय उपयोग के लिए

साक्षात्कार की तिथि .....समय.....स्थान.....

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मधुबनी